Adda247 GET IT ON Google Play

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग जी. आई. सी. (LT) परीक्षा, 2018

# कला

## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**1. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) रेयोनिज़्म | (1) लारिओनोव |
| (B) रियलिज़्म | (2) राफेल |
| (C) रिनैसेंस | (3) मैक्स बेकमान |
| (D) रोमान्टिसिज़्म | (4) कूर्बे |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – रेयोजिज्म – लारिओनोव
रियलिज्म – कुर्बे
रिनेंसेंस – राफेल
रोमान्टिसिज्म – मैक्स वेकमान

**2. दृश्य कलाओं के क्षेत्र में 'बस्ट' से क्या तात्पर्य है?**
(a) अमूर्त प्रतिमा (b) सम्पूर्ण दृश्य प्रतिमा
(c) खंडित प्रतिमा (d) आवक्ष प्रतिमा
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या**– दृश्यकला (चित्रकला) में 'बस्ट' का संबंध आवक्ष प्रतिमा से हैं। तमिलनाडु के ईशा योग फाउंडेशन में स्थापित आदि योगी शिव की आवक्ष प्रतिमा (112 मीटर) को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स ने दुनिया की सबसे ऊँची आवक्ष प्रतिमा के रूप में दर्ज किया है।

**3. यूरोप की आधुनिक चित्रकला में कलाकार पॉल गागिन किस कलावाद से जुड़े हैं–**
(a) अतियथार्थवाद (b) जंगलवाद
(c) घनवाद (d) भविष्यवाद
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**– पॉल गागिन यूरोप की आधुनिक चित्रकला के कलावाद, जंगलवाद या फाववाद से जुड़े थे। इनकी इस कला शैली से ही फाववाद को प्रेरणा मिली।

**4. उस यूरोपीय चित्रकार का नाम बताइए, जिसने भारत में इज़ेल तथा ऑयल पेन्टिंग का श्रीगणेश किया?**
(a) टिली केटल (b) विलियम डैनियल
(c) रेनॉल्ड्स (d) इनमें सभी
**उत्तर - (d)**

**व्याख्या** – भारत में इजेल तथा आयल पेटिंग का श्रीगणेश यरोपीय चित्रकारों टिली कैंट, विलियम डैनियल, रेनॉल्ड्स आदि सभी के द्वारा किया गया था।

**5. उस चित्रकार का नाम बताइए, जिसने बम्बई में लीथोग्राफ प्रेस खोला?**
(a) एन.एस. बेन्द्र (b) राजा रवि वर्मा
(c) एफ. एन. सूजा (d) एम. आचरेकर
**उत्तर - (b)**

**व्याख्या-** उच्च घरानों में रवि वर्मा के चित्रों की मांग इतनी अधिक थी कि वे उसे अपने जीवन काल में पूर्ण नहीं कर सकते थे। अतः 'सर माधवराव' की सहायता से उन्होंने सन् 1894 ई. में मुम्बई के उपनगर 'घाटकोपर' में अपनी लिथोग्राफिक प्रेस खोलकर चित्रों की प्रतिकृतियाँ छपवाई, इससे इनके चित्र घर-घर में पहुँच गये और चित्रों का मूल्य सस्ता हो गया, जिसे लोग खरीदने में सक्षम हो गये।इस तरह रवि वर्मा देश के 'पहले लिथोग्राफर' बने व विस्तृत पैमाने पर मुद्रण के युग का सूत्रपात्र हुआ। (स्रोत-रीता प्रताप)

**6. रवीन्द्रनाथ टैगोर, जिन्हें भारत का प्रथम आधुनिक कलाकार माना जाता है, का आत्मचित्र यूरोपीय आधुनिक कला के किस वाद से प्रभावित है?**
(a) अतियथार्थवाद (b) भविष्यवाद
(c) घनवाद (d) प्रभाववाद
**उत्तर - (a)**

**व्याख्या** – रवीन्द्र नाथ टैगोर जिन्हें भारत का प्रथम आधुनिक कलाकार माना जाता है का आत्म चित्र यूरोपीय आधुनिक कला के अतियथार्थवाद से प्रभावित है। रवीन्द्रनाथ टैगोर एक मात्र कवि है जिनकी दो रचनाये दो देशों भारत का 'जन गण मन' और बांग्लादेश का 'आमार सोनार' बांग्ला राष्ट्रगान बना था।

⇒ शान्तिनिकेतन में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 1901 ई. 'ब्रह्मचर्याश्रम' नामक एक छोटा सा शिक्षण संस्थान स्थापित किया था, सन् 1915 ई. में जोरासाकों में इन्होंने 'विचित्रा क्लब'की स्थापना की थी। साथ ही सन् 1919 ई. में शान्तिनिकेतन में 'कला भवन' की स्थापना की थी।

**7. मिस्र की प्रथम भवन-निर्माण कला कितनी पुरानी है?**
(a) 3000 BC (b) 5000 BC
(c) 1095 BC (d) 2500 BC
**उत्तर - (a)**

**व्याख्या** – मिस्र की प्रथम भवन-निर्माण कला 3000 बी.सी. पुरानी है।
गीजा के पिरामिड का निर्माण 3000 ई.पू. में खूफू ने करवाया था।

**8. भारत की लोक-कला में किस तत्व का कोई स्थान नही है?**
(a) नव्य (b) तर्क
(c) सृजनशीलता (d) उपर्युक्त सभी
**उत्तर - (d)**

**व्याख्या**–भारत की लोक-कला में नव्य, तर्क, सृजनशीलता आदि किसी भी तत्व का कोई योगदान नहीं है।

**9. लीनोकट तकनीक के द्वारा 'दांडी यात्रा' की प्रसिद्ध छापाकला किसने बनाई?**
(a) राजा रवि वर्मा (b) विनोद बिहारी मुखर्जी
(c) रवीन्द्र नाथ टैगोर (d) नंदलाल बोस
**उत्तर – (d)**

Adda247

# Test Prime

**ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION**

**80,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**20,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

**व्याख्या** – लीनोकट तकनीक (छापा कला) द्वारा 'दांडी यात्रा' का चित्र नंदलाल बसु ने बनाया था। नन्दलाल बसु 1920 में असहयोग आंदोलन तथा 1930 में नमक आंदोलन में भाग लिये थे।

**10. वह कौन एक आधुनिक भारतीय चित्रकार है, जिसके चित्रों में पाश्चात्य संयोजन एवं यथार्थवाद का प्रभाव है?**

(a) आर. एन. टैगोर (b) अमृता शेरगिल
(c) राजा रवि वर्मा (d) गगनेन्द्रनाथ टैगोर

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – पाश्चात्य संयोजन एवं यथार्थवाद का प्रभाव 'राजा रवि वर्मा' के चित्रों में दिखाई देता है। राजा रवि वर्मा यथार्थवादी चित्रकार है।

**11. वह कौन चित्रकार है जो ऐसा मानता है कि ''चित्र में रंग हाथों से नही भरे जाते, अपितु रंग-विधान मस्तिष्क की देन है।''?**

(a) लियोनार्दो द विन्सी (b) माइकलएन्जेलो
(c) बेत्तिसेली (d) राफेल

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या-** माइकेल एंजिलों एक ऐसे चित्रकार थे जिनका मानना था कि '' चित्र में रंग हाथों से नही भरे जाते, अपितु रंग-विधान मस्तिक की देन है।

⇒ फ्लोरेन्स के चरम पुनरूत्थान का दूसका महान कलाकार माइकेल एंजिलो था। यह प्रधानतः मूर्तिकार, गौणतः चित्रकार था, साथ ही वास्तुकार तथा कवि भी था। इन्हें 'ए एकल्पचर हू पेंटेड' से सम्बोधित किया जाता है।

**12. इनमें से कौन एक प्रसिद्ध जंगलवादी (फॉविस्ट) चित्रकार हैं?**

(a) माने (b) मोने
(c) मातिस (d) मोन्द्रियाँ

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – ''हेनरी मातिस'' जंगलवाद के प्रसिद्ध चित्रकार हैं। इन्हें जंगलवाद या फाववाद का प्रणेता भी कहा जाता है।
इन्होंने फाववाद का प्रथम चित्र हरीपट्टी बनाया था।

**13. किस कलाकार के तूलिका आघातों को 'रेंगता हुआ सर्प' कहा गया है?**

(a) पॉल गंगिन (b) वान गॉग
(c) मुंश (d) विलियम ब्लेक

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – विसेंट वॉनगाग के तुलिका आघातों को 'रेंगता हुआ सर्प' कहा गया है। इनकी आत्मकथा 'लास्ट फॉर लाइफ' है।

**14. 'मैन विद डॉग' शिल्पकला है–**

(a) ऑगस्ट रोडिन की (b) एरिस्टाइड मेलोल की
(c) ध्रुव मिस्त्री की (d) राघव कनेरिया की

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या**– 'मैन विद डॉग' ध्रुव मिस्त्री के द्वारा निर्मित मूर्ति शिल्प है। इनका जन्म 1957 ई. में गुजरात में हुआ था।

**15. ज्यामितीय अमूर्तन कला के निमित्त किस कलाकार ने 'नियो-प्लास्टीसिज्म' का प्रयोग किया?**

(a) पिकासो (b) मोन्द्रियाँ
(c) राल ड्यूफी (d) पॉल सेज़ा

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – ज्यामितीय अमूर्तन कला में, 'नियो-प्लास्टीसिज्म' का प्रयोग पिएट मोन्द्रियाँ ने किया था। ललित कला में 'नियो-प्लास्टीसिज्म' का अर्थ प्रथम विश्व युद्ध के तुरन्त बाद डच चित्रकार पीएट मोन्द्रियाँ (1872-1944) द्वारा विकसित ठोस कला की औचित्य ज्यामितिय शैली से है।

**16. सूची- I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| सूची- I | सूची- II |
|---|---|
| (A) के.एस. कुलकर्णी | (1) बुदापेस्ट |
| (B) अमृता शेरगिल | (2) हैदराबाद |
| (C) के. एच. आरा | (3) बेलगाँव |
| (D) एस. एच. रेज़ा | (4) बाबेरिया |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**उत्तर - (d)**

**व्याख्या** –

| | |
|---|---|
| A. के.एस. कुलकर्णी– | बेलगाव |
| B. अमृता शेरगिल– | वुडापेस्ट |
| C. के. एच. आरा – | हैदराबाद |
| D. एस. एच. रज़ा– | बाबेरिया |

**17. इनमें से कौन एक उच्च पुनर्जागरण काल का चित्रकार नहीं है?**

(a) माइकेल एंजिलो बुआनारोट्टी (b) राफेल सैन्जियो
(c) फर्नान्ड लेजर (d) लियोनार्दो द विन्सी

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या**–उच्च पुर्जागरण काल का चित्रकार फर्नान्ड लेजा नहीं है जबकि अन्य सभी उच्च पुनर्जागरण कालीन चित्रकार हैं।

**18. यूरोपीय चित्रकला के अधीन किस कला में आप 'हायरोग्लिफ' अथवा चित्रलिपि का अध्ययन करते हैं?**

(a) यूनान (b) इटली
(c) हॉलैंड (d) मिस्र

**उत्तर– (d)**

**व्याख्या-** यूरोपीय चित्रकला के अधीन मिस्र की कला में हायरोग्लिफ अथवा चित्रलिपि का अध्ययन किया जाता है।

**19. घनवाद का घोषणा-पत्र किसने लिखा?**

(a) विलियम ब्लेक (b) ग्यूलॉम एपोलिनेयर
(c) थियोडोर जेरीकॉल्ट (d) पाब्लो पिकासो

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**–घनवाद का घोषणा-पत्र ग्यूलॉम एपोलिनेयर ने लिखा था।

**20. 1902 में प्रकाशित पुस्तक एस्थेटिक्स का लेखक कौन है?**

(a) इमेनुअल कान्ट (b) लियो टॉलस्टॉय
(c) रोजर फ्राय (d) बेनेदेत्तो क्रोचे

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – 1902 में प्रकाशित पुस्तक एस्थेटिक्स का लेखक 'बेनेदेत्तो क्रोचे' है।

Adda247 GET IT ON Google Play

21. **निम्न मूर्तिकारों पर विचार कीजिये और उन्हें उनके जन्म-वर्ष के क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–**
**1. मृणालिनी मुखर्जी**
**2. रामकिंकर बैज**
**3. नागजी पटेल**
**4. बलबीर सिंह कट्ट**
**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए:**
**कूट–**
(a) 2, 3, 4 और 1 (b) 1, 3, 2 और 4
(c) 2, 4, 1 और 3 (d) 2, 1, 3 और 4
**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** –

| कलाकार | जन्म वर्ष |
|---|---|
| 2. रामकिंकर बैज | 1910 |
| 3. नागजी पटेल | 1937 |
| 4. बलबीर सिंह कट्ट | 1939 |
| 1. मृणालिनी मुखर्जी | 1949 |

22. **भारतीय समकालीन कला के युग में 'कलकत्ता ग्रुप' की स्थापना किसने की?**
(a) रामकिंकर (b) रथिन मित्रा
(c) परितोष सेन (d) निरोद मजुमदार
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – भारतीय समकालीन कला के युग में 'कलकत्ता ग्रुप' की स्थापना निरोद मजुमदार ने की थी। इसके अन्य सदस्य प्रदोष दास गुप्ता तथा रथिन मित्रा आदि थे। इसकी स्थापना 1943 ई. में कोलकाता में हुआ था।

23. **''कला एक संसार नहीं, किन्तु संसार को समझना है। कला हमें तैयार करती है।'' यह किसका कथन है?**
(a) केशव मलिक (b) के. जी. सुब्रमणियम
(c) ज्योतिष जैन (d) कृष्ण चैतन्य
**उत्तर** - (a)

**व्याख्या** – ''कला एक संसार नहीं, किन्तु संसार को समझना है। कला हमें तैयार करती है।'' यह कथन केशव मलिक का है।

24. **उत्तर प्रदेश के उस प्रसिद्ध कलाकार का नाम बताइए, जिनका जन्म नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल में हुआ?**
(a) आर. एस. बिष्ट (b) अवतार सिंह पँवार
(c) डी.पी. धूलिया (d) रनवीर सक्सेना
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**– अवतार सिंह पवार उत्तर प्रदेश के एक प्रसिद्ध मूर्तिकार थे। इनका जन्म नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल में हुआ था। अवतार सिंह पँवार का जन्म 1929 ई. में हुआ था।

25. **समकालीन भारतीय कला में 'कलकत्ता ग्रुप' के एक ऐसे कलाकार का नाम बताइए, जिसका जन्म बांग्लादेश में हुआ।**
(a) शुभो टैगोर (b) प्रदोष दासगुप्त
(c) गोपाल घोष (d) परितोष सेन
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**–समकालीन भारतीय कला में 'कलकत्ता ग्रुप' के सदस्य प्रदोष दास गुप्ता का जन्म ढाका बांग्लादेश में 1912 ई. में हुआ था।

26. **भारतीय कला बाजार की प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय नीलामी क्रिस्टी द्वारा किस वर्ष प्रारंभ हुई?**
(a) 2010 (b) 2001
(c) 2013 (d) 2005
**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – भारतीय कला बाजार की प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय नीलामी क्रिस्टी द्वारा वर्ष 2013 में प्रारंभ हुई।

27. **भारतीय समकालीन कला के दक्ष कलाकार बेन्द्रे की नारी आकृतियाँ किस शैली के चित्रों की याद दिलाती हैं?**
(a) बसोहली शैली (b) किशनगढ़ शैली
(c) जयपुर शैली (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर** - (a)

**व्याख्या** – भारतीय समकालीन कला कलाकार बेन्द्रे की नारी आकृतियाँ बसोहली शैली के चित्रों की याद दिलाती हैं।

28. **वह कौन-सा मुस्लिम चित्रकार है, जिसने हिन्दू देवी-देवताओं का आधुनिक चित्रण किया?**
(a) सलीम शेख (b) गुलाम रसूल संतोष
(c) एम. एफ. हुसैन (d) ए. आर. चुगताई
**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – एम. एफ. हुसैन मुस्लिम चित्रकार है, जिसने हिन्दू देवी-देवताओं का आधुनिक चित्रण किया। अपने हिन्दू देवी-देवताओं के ऊपर किये गये कला प्रयोगों के कारण इनकी काफी आलोचना भी हुई।
एम. एफ. हुसैन का जन्म 1915 ई. में महाराष्ट्र के पंढरपुर में हुआ था।

29. **इनमें से कौन सा कलाकार आज बंगाल का प्रसिद्ध कलाकार हैं?**
(a) गणेश पाइन (b) मनीषी दे
(c) गणेश हालोई (d) इनमें सभी
**उत्तर** - (c)

**व्याख्या**–इनमें से गणेश हलोई आज बंगाल का प्रसिद्ध कलाकार है। इनका जन्म सन् 1936 ई. में जमालपुर, बांग्लादेश में हुआ था ये दृश्य चित्रकार के लिए जाने जाते थे इन्होंने अजन्ता गुफा की प्रतिलिपियाँ वर्ष 1957 से 1963 ई. के मध्य में चित्रित किये थे। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'फ्रॉग्स एण्ड स्नेक' है।

30. **'बैंडवाला' श्रृंखला किसने चित्रित की?**
(a) अशर्फी लाल (b) चन्द्रमोहन कुलकर्णी
(c) क्यू. डिसूजा (d) बी. श्रीनिवास रेड्डी
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**-'बैंडवाला' चित्र श्रृंखला चन्द्रमोहन कुलकर्णी का है।

31. **इनमें से कौन छापाकार नहीं है?**
(a) रेम्ब्रां (b) विलियम ब्लेक
(c) पाब्लो पिकासो (d) थियोडोर जेरिकॉल्ट
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – थियोडोर जेरिकॉल्ट छापाकार नहीं है।

Adda247
GET IT ON Google Play

**32. फ्रेस्को ब्रूनो पद्धति में लाइफ ऑफ मेडिएवल सेन्ट किसने चित्रित किया?**
(a) राजा रवि वर्मा (b) विनोद बिहारी मुखर्जी
(c) रवीन्द्र नाथ टैगोर (d) अवनीन्द्र नाथ टैगोर
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – फ्रेस्को ब्रूनो पद्धति में 'लाइफ ऑफ मेडिएवल सेन्ट' विनोद बिहारी मुखर्जी ने चित्रित किया है।

**33. टाइपोग्राफी का प्राथमिक साज-सामान क्या है?**
(a) ऑयल ब्रश (b) ईज़ेल
(c) पैलेट नाइफ (d) रोटरिंग पेन
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या**– टाइपोग्राफी का प्राथमिक साज-सामान रोटरिंग पेन है।

**34. कपड़ों पर की जाने वाली चित्रकारी में कौन-से रंग सामान्यतः प्रयुक्त किये जाते हैं?**
(a) एक्रिलिक रंग (b) तैल रंग
(c) पोस्टर रंग (d) जल रंग
**उत्तर–(a)**

**व्याख्या-**कपड़ों पर की जाने वाली चित्रकारी में सामान्यतः एक्रिलिक रंगों तथा फैब्रिक रंगों का प्रयोग किया जाता है।

**35. 'कोलॉज' माध्यम का सर्वप्रथम प्रयोग किसके द्वारा किया गया?**
(a) सेज़ा एवं वान गौग (b) मोने एवं माने
(c) रुबेन्स एवं ब्रुगेल (d) पिकासो एवं ब्राक
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या**–'कोलॉज' माध्यम का सर्वप्रथम प्रयोग पिकासो एवं ब्राक द्वारा किया गया था।

**36. भित्ति-चित्रण किस धरातल पर किया जाता है?**
(a) कैनवस (b) भित्ति
(c) ताड़पत्र (d) कागज
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**– भित्ति-चित्रण का धरातल भित्ति है। जबकि कैनवस, ताड़पत्र तथा कागज चित्रकला के धरातल हैं।

**37. त्रिआयामी आभायुक्त चित्र होता है–**
(a) वॉश (b) लीथोग्राफी
(c) स्कैच (d) इम्पैस्टो
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या**– इम्पैस्टो त्रिआयामी आभायुक्त चित्र होता है। इम्पैस्टो चित्रकला में इस्तेमाल की जाने वाली ऐसी तकनीकि है जहाँ मोटी परतों में सतह के एक क्षेत्र पर पेन्ट किया जाता है। इस प्रकार पेन्ट किया गया चित्र सूखने के बाद कैनवस से बाहर निकलता हुआ अर्थात् त्रिआयामी प्रभाव दर्शाता है।

**38. प्रथम तकनीकी छपाई कहाँ से शुरू हुई?**
(a) कोचीन (b) गोवा
(c) कोलकाता (d) चेन्नई
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – 1556 ई. भारत में 'छपाई तकनीक' प्रथम बार गोवा में शुरू हुआ। यहाँ पर पुर्तगालियों द्वारा सर्वप्रथम प्रिन्टिंग प्रेस की स्थापना की गई।

**39. 'सी.सी.' इकाई माप किसके लिये हैं?**
(a) इन्टरनेट एडवरटाइजिंग
(b) रेडियो एडवरटाइजिंग
(c) आउटडोर एडवरटाइजिंग
(d) न्यूजपेपर एडवरटाइजिंग
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – 'सी.सी.' इकाई माप न्यूजपेपर एडवरटाइजिंग के लिये प्रयुक्त होता है।

**40. लिनोकट छापाकार चित्त प्रसाद का जीवन-समय क्या है?**
(a) 1913-1978 (b) 1891-1964
(c) 1902-1969 (d) 1945-1990
**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – लिनोकट छापाकार चित्त प्रसाद का जीवन-समय सन् 1913 से 1978 है।

**41. किस माध्यम में रेंगन करना अनिवार्य है?**
(a) जल माध्यम चित्रण (b) पैस्टल माध्यम चित्रण
(c) तैल माध्यम चित्रण (d) टेम्परा माध्यम चित्रण
**उत्तर - (c)**

**व्याख्या** – तैल माध्यम चित्रण में रेंगन करना अनिवार्य है। तैल रंग की खोज विश्व में 15वीं शदी में नीदरलैण्ड (हालैण्ड) के जानवान आइक तथा हरबर्ट वान आइक ने किया था।

**42. गगनेन्द्रनाथ टैगोर के घनवादी चित्र किस तकनीक के थे?**
(a) स्याही रेखाचित्र (b) टेम्परा चित्र
(c) जलरंग चित्र (d) तैलीय चित्र
**उत्तर - (a)**

**व्याख्या**– गगनेन्द्रनाथ टैगोर के घनवादी चित्र स्याही रेखाचित्र तकनीक के थे। गगनेन्द्र नाथ टैगोर भारत के प्रथम घनवादी चित्रकार थे, इन्होंने सन् 1912 ई. में रवीन्द्र नाथ टैगोर की पुस्तक 'जीवन स्मृति' का चित्रण स्याही माध्यम में किया था।
⇒ **प्रमुख चित्र-** मेघदूत, प्रणयदूत, सात-भाई चंपा, टेम्पल क्यूबिस्टिक, सीढ़ियों पर भेंट, ईशा गिरजाघर में, प्रतिमा विसर्जन, बालरूम डांस, पुरी के भू-दृश्य, फेयरी लैंड आदि।

**43. 'मोहनजोदड़ो की नर्तकी' किस तकनीक में कास्ट की गई है?**
(a) फाइबर-ग्लास कास्टिंग (b) सीमेन्ट कास्टिंग
(c) पेपर पल्प कास्टिंग (d) ढोकरा कास्टिंग
**उत्तर– (d)**

**व्याख्या**–'मोहनजोदड़ो की नर्तकी' ढोकरा कास्टिंग तकनीक में कास्ट की गई है।

**44. आधुनिक चित्रकार यामिनी राय की चित्रकला कौन-सी 'चित्रविधा' से प्रेरित है?**
(a) बाँकुरा की लोककला (b) बाउल संगीत
(c) कालीघाट का पटचित्र (d) वीरभूमि की कलाकृतियाँ
**उत्तर – (c)**

**व्याख्या**– आधुनिक चित्रकार यामिनी राय की चित्रकला कालीघाट के पटचित्र 'चित्रविधा' से प्रेरित है।

Adda247 GET IT ON Google Play

**45. स्वर्णिम विभाजन सिद्धान्त कहाँ के कलाकारों ने विकसित किया?**
(a) यूनान (b) जापान
(c) चीन (d) भारत
**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – स्वर्णिम विभाजन सिद्धान्त यूनान के कलाकारों ने विकसित किया।

**46. देवी प्रसाद राय चौधरी ने कहाँ शिक्षण-कार्य किया?**
(a) गवर्नमेन्ट कॉलेज ऑफ आर्ट ऐन्ड क्राफ्ट, कलकत्ता।
(b) जे. जे. स्कूल ऑफ ऑर्ट, बम्बई
(c) गवर्नमेन्ट कॉलेज ऑफ आर्ट, मद्रास
(d) कॉलेज ऑफ ऑर्ट, नई दिल्ली
**उत्तर – (c)**

**व्याख्या**– देवी प्रसाद राय चौधरी का जन्म 15 जून 1899 ई. में रंगपुर, बांग्लादेश में हुआ था। देवी प्रसाद राय चौधरी ने गवर्नमेन्ट कॉलेज ऑफ आर्ट, मद्रास से शिक्षण-कार्य किया था।
इनको 1958 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।

**47. कला का वह कौन सा तत्व है, जिससे किसी चित्र में धरातल के गुण की अनुभूति होती है?**
(a) रंग (b) पोत
(c) रूप (d) रेखा
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – पोत (Texture) से किसी चित्र में धरातल के गुण की अनुभूति होती है।

**48. 'सैंगुइन' क्या है?**
(a) चारकोल
(b) बहुरंगी पेन्सिल
(c) मिश्रित माध्यम
(d) रेखांकन हेतु लाल रंग का चॉक
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या**– 'सैंगुइन' रेखांकन हेतु लाल रंग के चॉक का प्रयोग करते है।

**49. 'कियरोस्कुरो' शब्द का अर्थ है–**
(a) फूलों पर तीव्र प्रकाश
(b) सप्तवर्णी प्रकाश
(c) एक चित्र में प्रकाश एवं छाया
(d) भू-दृश्य चित्रण
**उत्तर – (c)**

**व्याख्या**–'कियरोस्कुरो' शब्द का अर्थ 'चित्र में प्रकाश एवं छाया' का उचित संयोजन है।

**50. भारत में कोलाज प्लेट प्रिन्टिंग प्रक्रिया किसने शुरू किया?**
(a) कंवल कृष्ण (b) जय झटोरिया
(c) परमजीत सिंह (d) युसुफ
**उत्तर – (a)**

**व्याख्या**– भारत में कोलाज प्लेट प्रिन्टिंग प्रक्रिया कंवल कृष्ण ने शुरू किया।

**51. 'वर्जिन स्पेस' क्या है?**
(a) लाल धब्बा (b) आकाश
(c) रंगीन भूमि (d) खाली अन्तराल
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या** – 'वर्जिन स्पेस' खाली अन्तराल को कहते हैं।

**52. मात्र काला और सफेद रंग में बना एक बड़ा चित्र है–**
(a) एकवर्णीय
(b) बहुवर्णीय
(c) वर्णशून्य
(d) उपयुक्त में से कोई नहीं
**उत्तर–(c)**

**व्याख्या-** मात्र काला और सफेद रंगों में बना एक बड़ा चित्र वर्णशून्य चित्र कहलाता है।

**53. निम्न में से कौन-सा अभिकथन सही है?**
(a) रेखांकन, मूर्ति बनाने से अधिक महत्वपूर्ण है
(b) रेखांकन, चित्रकला का व्याकरण है
(c) सिर्फ चित्रकला महत्वपूर्ण है।
(d) आधुनिक कला में मात्र रेखांकन महत्वपूर्ण है
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**-रेखांकन चित्रकला का व्याकरण है।

**54. चित्रण के लिये किस आकार-प्रकार के ब्रश प्रयोग किए जाते हैं?**
(a) राउन्ड (b) फ्लैट
(c) फिल्बर्ट (d) उपर्युक्त सभी
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या**-चित्रण के लिये राउन्ड, फ्लैट एवं फिन्ल्बर्ट आदि ब्रशों का प्रयोग किया जाता है।

**55. अजन्ता भित्ति-चित्र सर्वोत्तम उदाहरण है–**
(a) मिश्रित माध्यम के (b) ग्राफिक कलाओं के
(c) फ्रेस्को के (d) लोक-कला के
**उत्तर – (a)**

**व्याख्या**-इ.वी. हैवेल ने अजन्ता भित्ति चित्रों को मिश्रित माध्यम का उत्कृष्ट उदाहरण कहा था।

**56. इनमें से किस दार्शनिक के समय-काल का विवरण उनके अनुरूप सही नहीं है?**
(a) गेथे (1729-1832)
(b) डब्ल्यू. वी. हम्बोल्ट (1767-1835)
(c) फिक्टे (1750-1798)
(d) एफ. शिलर (1759-1805)
**उत्तर – (c)**

**व्याख्या**-उपर्युक्तों विकल्पों में फिक्टे के समय-काल का विवरण सही नहीं है।
इनका काल 1762 से 1814 ई.

**57. निम्न में से कौन-सा भेद दार्शनिक हीगेल द्वारा बताए हुए कला के वर्गीकरण का एक हिस्सा नहीं है?**
(a) अमूर्त (b) प्रतीकवादी
(c) शास्त्रीय (d) स्वच्छन्दतावादी
**उत्तर – (a)**

**व्याख्या-**अमूर्त चित्रण हीगेल द्वारा बताये गये कला के वर्गीकरण का हिस्सा नहीं है। इनके द्वारा लिखित प्रसिद्ध ग्रन्थ 'न्याय के सिद्धान्त', 'दार्शनिक सिद्धान्तों का विश्वकोष' है।

**58. कलागुण की खान 'चित्रसूत्र' किस पुराण से जुड़ा हुआ है?**
(a) ब्रह्म वैवर्त पुराण (b) भागवत् पुराण
(c) विष्णु धर्मोत्तर पुराण (d) शिव पुराण
**उत्तर – (c)**

**व्याख्या-**विष्णु धर्मोत्तर पुराण से जुड़े 'चित्रसूत्र' को कला गुण की खान कहा जाता है। विष्णु धर्मोत्तर पुराण छठीं सदी में लिखा गया एक ग्रन्थ है जिसके तीसरे खण्ड के 35वें से 43वें अध्याय तक कुल 9 अध्यायाओं में चित्रसूत्र प्रकरण है जिसमें चित्रकला की प्रमुख सिद्धांतों का वर्णन किया गया है।

**59. ट्रान्सफॉर्मेशन पुस्तक किसने लिखा?**
(a) क्लाइव बेल (b) ब्रैडले
(c) एम.एफ. हुसेन (d) रोजर फ्राई
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या-**ट्रान्सफॉर्मेशन रोजर फ्राई द्वारा लिखी पुस्तक हैं।

**60. उस पाश्चात्य कला मनीषी का नाम बतायें जिसने कहा था, ''कला हमारे जीवन का अनिवार्य एवं अभिन्न अंग है''?**
(a) टॉल्स्टॉय (b) क्लाइव बेल
(c) सैम्युएल कान्ट (d) हर्बर्ट रीड
**उत्तर - (a)**

**व्याख्या** – टॉल्स्टॉय एक पाश्चात्य कला मनीषी थे, जिसने कहा था, ''कला हमारे जीवन का अनिवार्य एवं अभिन्न अंग है''

**61. एक वृद्ध पुरुष के एकवर्णी रेखांकन (व्यक्तित्व) में आप कौन-सी कमी अनुभव करते हैं?**
(a) एकवर्णी प्रभाव (b आकार
(c) कियरोस्कुरा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर – (d)**

**व्याख्या-** एक वृद्ध पुरूष के एकवर्णी रेखांकन (व्यक्तित्व) में आप एकवर्णी प्रभाव, आकार, कियरोस्कुरो आदि सभी की कमी का अनुभव करते है।

**62. महान दार्शनिक प्लेटो की दर्शन दीक्षा किस दार्शनिक की छत्रछाया में सम्पन्न हुई?**
(a) सुकरात (b) यूक्लिड
(c) अरस्तू (d) डायोजिनीज
**उत्तर - (a)**

**व्याख्या** – महान दार्शनिक प्लेटो की दर्शन दीक्षा सुकरात की छत्रछाया में सम्पन्न हुई।

**63. एक प्राचीन शास्त्र का नाम बतायें, जिसमें कलाओं की कुल संख्या चौंसठ बताई गई है?**
(a) कौशिकी ब्राह्मण (b) कामसूत्र
(c) अष्टाधायी (d) नाट्यशास्त्र
**उत्तर - (b)**

**व्याख्या-**वात्स्यायन द्वारा रचित 'कामसूत्र' चौंसठ कलाओं का वर्णन किया गया है जिसमें चित्रकला को आलेख्य कहा गया है।

**64. किस दार्शनिक का अभिमत है, ''सौन्दर्य ही अभिव्यन्जना है''?**
(a) क्रोचे (b) प्लेटो
(c) कांट (d) अरस्तू
**उत्तर - (a)**

**व्याख्या-** क्रोन्चे का अभिमत है- सौन्दर्य ही अभिव्यंजना है। क्रोंचे ने कला और सौन्दर्य को लगभग पर्यायवाची रूप में प्रयुक्त किया। किसी भी आदर्शवादी ने सौन्दर्य को वस्तुगत गुण नहीं माना। क्रोंचे का यह कथन – सौन्दर्य अभिव्यंजना है (ब्यूटी इज द एक्सप्रेशन) अस्पष्ट है। क्रोंचे ने लिखा है कि ''सौन्दर्य के माने है जिसका ध्यान कल्याणकारी हो या जिसका ध्यान हमें श्रेष्ठतर मानव बना दे।''
**(स्रोत- राजेन्द्र वाजपेयी, पृष्ठ-111)**

**65. प्रिंसिपल्स ऑफ आर्ट के लेखक कौन है?**
(a) आइ. ए. रिचर्ड्स
(b) सुशन लैंगर
(c) हर्बर्ट रीड – फिलास्फी ऑफ मार्डन आर्ट
(d) आर. जी. कोलिंगवुड
**उत्तर - (d)**

**व्याख्या-**प्रिंसिपल्स ऑफ आर्ट के लेखक आर.जी. कोलिंगवुड हैं। प्रिंसिपल्स ऑफ आर्ट 1938 में कोलिंगवुड ने लिखा। कोलिंगवुड के महत्वपूर्ण ग्रन्थ मेटाफिलासफी, तत्व मीमांसा, रिलीजन एण्ड फिलासफी है।

**66. महान दार्शनिक अरस्तू ने कला की परिभाषा में किस तत्व को महत्व दिया?**
(a) सत्य की अनुभूति (b) अचेतन की भूमिका
(c) अनुकरण का सिद्धान्त (d) प्रभाव की अभिव्यक्ति
**उत्तर – (c)**

**व्याख्या-**प्रसिद्ध दार्शनिक अरस्तू ने कला को परिभाषित करते हुए सर्वाधिक महत्व अनुकरण के सिद्धांत को दिया।
अरस्तू ने अनुकरण सिद्धान्त के आधार पर कलाओं का वर्गीकरण किया है।

**67. निम्न दार्शनिकों का सही कालबद्ध क्रम चुनें:**
**I. प्लेटो, कोलिंगवुड, देकार्त, प्लॉटिनस**
**II. प्लेटो, प्लॉटिनस, देकार्त, कोलिंगवुड**
**III. कोलिंगवुड, प्लेटो, प्लाटिनस, देकार्त**
**IV. देकार्त, प्लॉटिनस, कोलिंगवुड, प्लेटो**
**कूट–**
(a) I (b) II
(c) III (d) IV
**उत्तर – (b)**

**व्याख्या-**दिये गये दार्शनिकों का सही कालक्रम- प्लेटो, प्लॉटिनस, देकार्त तथा कोलिंगवुड है।
अरस्तू का समय- 384 ई. पू. से 322 ई.पू.
प्लेटो का समय- 205 ई. पू. से 270 ई.पू.
देकार्त का समय- 1596 से 1650 ई.
कोलिंगवुड का समय- 1889 से 1943 ई.

**68. 'फादर ऑफ एस्थैटिक्स' किसे कहा जाता है?**
(a) अरस्तू (b) सुकरात
(c) बॉमगार्टन (d) वात्स्यायन
**उत्तर - (c)**

**व्याख्या-**'फादर ऑफ एस्थैटिक्स' बॉमगार्टन को कहा जाता है।

69. **रामायण के अनुसार, सीता की स्वर्ण प्रतिमा किसने बनाई थी?**
(a) लक्ष्मण (b) मायाजीत
(c) रावण (d) राम
**उत्तर - (b)**

**व्याख्या-**रामायण के अनुसार सीता की स्वर्ण प्रतिमा मायाजीत ने बनाई थी।

70. **कश्मीर के प्रसिद्ध सौन्दर्यशास्त्री क्षेमेन्द्र ने निम्न में से किस ग्रन्थ को लिखा?**
(a) कला मन्जूषा (b) कला कलम
(c) कला विलास (d) कला के प्रतिमान
**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**कला विलास कश्मीर के प्रसिद्ध सौन्दर्यशास्त्री क्षेमेन्द्र द्वारा लिखा गया ग्रन्थ है।

71. **वह कौन भारतीय सौन्दर्यशास्त्री है जिसने यह उक्ति लिखी, ''साहित्य संगीत कला विहीन......''?**
(a) भरतमुनि (b) कौटिल्य
(c) भवभूति (d) भरतहरि और नीति
**उत्तर - (d)**

**व्याख्या-**''साहित्य संगीत कला विहीन----''। यह उक्ति भरतहरि और नीति द्वारा दिया गया।

72. **निम्न कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
**1. सौन्दर्य वह शराब है, जो रखने व देखने वाले दोनों को ही नशीला बनाती है।**
**2. प्रकृति की सुन्दरता सौन्दर्य का प्रतिबिम्ब है।**
**कूट–**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 तथा 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
**उत्तर - (c)**

**व्याख्या-**सौन्दर्य वह शराब है, जो रखने व देखने वाले दोनों को ही नशीला बनाती है तथा प्रकृति की सुन्दरता सौन्दर्य का प्रतिबिम्ब है। अतः उपर्युक्त दोनों कथन सत्य हैं।

73. **''सौन्दर्य भगवान का हस्तलेख है।'' यह किसका कथन है?**
(a) हीगेल (b) इमरसन
(c) पिकेट (d) शॉपेनहॉवर
**उत्तर - (b)**

**व्याख्या-**इमरसन ने कहा था, ''सौन्दर्य भगवान का हस्तलेख है।''

74. **काम-सूत्र में कला (चित्रकला) को किस नाम से सम्बोधित किया गया है?**
(a) आलेख्य (b) शिल्प
(c) रूपभेद (d) आकृति
**उत्तर - (a)**

**व्याख्या-**वात्स्यायन कृत काम-सूत्र में चित्रकला को आलेख्य नाम से सम्बोधित किया गया है।

75. **''सौंदर्य उद्देश्यविहीन सोद्देश्यता है।'' यह उक्ति किसने दी?**
(a) क्रोचे (b) कान्ट
(c) हीगेल (d) पायथागोरस
**उत्तर - (b)**

**व्याख्या-**''सौन्दर्य उद्देश्यविहीन सोद्देश्यता है'', यह उक्ति कान्ट की है।

76. **भरतमुनि ने अपने ग्रन्थ में कितने प्रकार के 'रसों' का उल्लेख किया है?**
(a) 9 (b) 10
(c) 8 (d) 5
**उत्तर - (c)**

**व्याख्या-**भरतमुनि ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'नाट्यशास्त्र' में 8 प्रकार के रसों का उल्लेख किया है।

77. **एडगर देगा द्वारा चित्रित प्रसिद्ध चित्र 'बैले नर्तकी' किस 'वाद' से सम्बन्धित है?**
(a) प्रभाववाद (b) घनवाद
(c) अतियथार्थवाद (d) यथार्थवाद
**उत्तर - (a)**

**व्याख्या-**एडगर देगा द्वारा चित्रित 'बैले नर्तकी' का सम्बन्ध प्रभाववाद से है।

78. **चित्र बनाते समय क्या चित्रित किया जाए और सामान्यतः उसकी प्रविधि के सम्बन्ध में स्पष्ट उल्लेख, आप किस प्रमुख स्रोत से प्राप्त करते हैं?**
(a) कादम्बरी (b) समरांगण सूत्रधार
(c) चित्र-सूत्र (d) उज्वल नीलमणि
**उत्तर - (c)**

**व्याख्या-**चित्र-सूत्र में चित्रकला के विभिन्न सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है। चित्र बनाते समय क्या चित्रित किया जाए और सामान्यतः उसकी प्रविधि क्या होनी चाहिए का स्पष्ट उल्लेख चित्र-सूत्र से प्राप्त करते हैं।

79. **कला के सौन्दर्यात्मक रसास्वादन के बारे में किनका कथन है, ''रोमान्टिक कला में अपने विघटन की प्रक्रिया अन्तर्निहित होती है''?**
(a) कान्ट (b) हर्बर्ट रीड
(c) क्रोचे (d) हीगेल
**उत्तर - (d)**

**व्याख्या-**''रोमान्टिक कला में अपने विघटन की प्रक्रिया अन्तर्निहित होती है।'' यह कथन हीगेल का है।

80. **भारतीय चित्रकला के षडंग का कौन-सा वह अंग है, जो रंग के महत्व को दर्शाता है?**
(a) लावण्य योजना (b) वर्णिका भंग
(c) प्रमाण (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**उत्तर– (b)**

**व्याख्या-**भारतीय चित्रकला से सम्बन्धित षडंग (The Six Limbs of Indian Art and Paintings) अवनीन्द्र नाथ टैगोर द्वारा लिखा गया है। इसके अन्तर्गत प्रमाण, भाव, लावण्य योजना, सादृश्य तथा वर्णिकाभंग को सम्मिलित किया जाता है जिसमें वर्णिकाभंग रंग के महत्व को दर्शाता है।

81. **एक ऐसे संग्रहालय का नाम बतायें, जिसमें कुषाणकालीन मूर्तिशिल्प वह बृहत् संकलन है–**
(a) राजकीय संग्रहालय, मथुरा
(b) राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली
(c) इंडियन म्यूजियम, कोलकाता
(d) प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम, मुम्बई
**उत्तर - (a)**

Adda247 GET IT ON Google Play

**व्याख्या-**मथुरा राजकीय संग्रहालय में कुषाणकालीन मूर्तिशिल्पों का वृहत् संकलन है।

**82. उस पाश्चात्यकला समीक्षक का नाम बताइए, जिसने अपने लेखों के माध्यम से अजन्ता भित्ति-चित्र के विराट सौन्दर्य की सराहना की?**

(a) ई. बी. हैवेल (b) हर्बर्ट रीड
(c) डब्ल्यू. जी. आर्चर (d) मिल्ड्रेड आर्चर

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या-** पाश्चात्यकला समीक्षक ई.बी. हैवेल ने अपने लेखों के माध्यम से अजन्ता भित्ति-चित्र के विराट सौन्दर्य की सराहना की।

**83. निम्न में से कौन-सा एक सही मिलान है?**

(a) अजन्ता-गुड़िया संग्रहालय
(b) सांची-प्रसिद्ध स्तूप
(c) खजुराहो-ललितकला विश्वविद्यालय
(d) एलोरा-प्रसिद्ध चर्च

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या-**सांची का प्रसिद्ध स्तूप सुमेलित है जबकि अन्य विकल्पों में अजन्ता-भित्ति चित्रण, खजुराहों - प्रसिद्ध मन्दिर एवं एलोरा - प्रसिद्ध एकाश्म मन्दिर है।

**84. राजा रवि वर्मा ने लीथोग्राफी प्रेस से अपने चित्रों को किस तकनीक से छपवाया?**

(a) मेजोटिन्ट तकनीक (b) ओलियोग्राफ तकनीक
(c) एकाटिन्ट तकनीक (d) एचिंग तकनीक

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या-**राजा रवि वर्मा ने लिथोग्राफी प्रेस से अपने चित्रों को ओलियोग्राफ तकनीक से छपवाया।

**85. भारत के किस संग्रहालय के प्रसिद्ध मूर्तिशिल्प 'दर्पण में निहारती हुई स्त्री' प्रदर्शित हैं?**

(a) इंडियन म्यूजियम, कोलकाता
(b) राज्य संग्रहालय, लखनऊ
(c) राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली
(d) राज्य संग्रहालय, झांसी

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या-** भारत के 'राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली' में प्रसिद्ध मूर्तिशिल्प 'दर्पण में निहारती हुई स्त्री' प्रदर्शित है।

**86. भारत के एक ऐसे प्रसिद्ध गुफा का नाम बतायें, जहाँ एक भी भित्ति-चित्र उपलब्ध नहीं है?**

(a) अजन्ता (b) बाघ
(c) एलोरा (d) एलीफैन्टा

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या-**एलीफैन्टा महाराष्ट्र स्थित गुफा मन्दिर है जो अपने मूर्ति शिल्पों के लिए प्रसिद्ध है। पहले इसे धारा नगरी के नाम से जाना जाता था जिसे पुर्तगालियों ने एलीफैन्टा नाम दिया।

**87. बादामी की गुफाओं की खोज किसने की?**

(a) डैंगर फील्ड (b) ऐलेक्जेंडर
(c) स्टेला क्रेमरिश (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या-**बादामी की गुफाओं में चालुक्य वंश से सम्बन्धित है जो वास्तुशिल्प की उत्कृष्ट विरासत हैं। इसकी खोज स्टेला क्रेमरिश ने की थी।

**88. धीमन और वितपाल किस शैली के प्रमुख चित्रकार थे?**

(a) गुजराती शैली (b) राजस्थानी शैली
(c) पहाड़ी शैली (d) पाल शैली

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या-**धीमन और वितपाल पाल शैली के प्रमुख चित्रकार थे। पाल शैली के विकास में इन दोनों कलाकारों का महत्वपूर्ण योगदान था, इस शैली के केन्द्र बंगाल, बिहार एवं नेपाल हैं।

**89. अजन्ता की गुफाओं की खोज किस वर्ष हुई?**

(a) 1903 (b) 1819
(c) 1803 (d) 1863

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या-**अजन्ता गुफा की खोज 28 अप्रैल, 1819 ई. को जॉन स्थिम के द्वारा की गई। अजन्ता की गुफा को सबसे पहले ह्वेनसांग ने देखा था। अजन्ता की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित है अजन्ता के चित्रों का मुख्य विषय बौद्ध धर्म था।

**90. भारतीय चित्र एवं मूर्तियों में देव आकृतियों के सिर के पीछे बना 'चक्र' किसका प्रतीक है?**

(a) अग्नि चक्र (b) चन्द्रमा चक्र
(c) सुदर्शन चक्र (d) सूर्य सम्मान चक्र

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या-**भारतीय चित्र एवं मूर्तियों में देव आकृतियों के सिर के पीछे बना 'चक्र' अग्नि चक्र का प्रतीक है।

**91. निम्न में से कौन-सा एक विश्व की प्राचीनतम प्रागैतिहासिक चित्रकला का केन्द्र है?**

(a) अल्तामिरा (b) भीमबेतका
(c) फॉन्ट-द-गाम (d) लास्को

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – सर्वप्रथम प्रागैतिहासिक चित्र की खोज 1879 ई. में अल्टामीरा गुफा (स्पेन) में हुई।
इसकी खोज 12 वर्षीय मारिया सन्तिओला ने की थी।

**92. अजंता की किस गुफा के प्रवेशद्वार के ऊपर 'मैत्रेय' अर्थात् भविष्य बुद्ध का अंकन है?**

(a) गुफा 10 (b) गुफा 1
(c) गुफा 2 (d) गुफा 7

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या-** अजंता की दूसरी गुफा के प्रवेश द्वार के ऊपर 'मैत्रेय' अर्थात भविष्य बुद्ध का अंकन पाया गया।

**93. एलोरा की प्रसिद्ध गुफा 'कैलाश मंदिर' से उपलब्ध भित्ति-चित्रों ने कौन-सी चित्र-शैली को नई प्रेरणा दी?**

(a) तन्जौर शैली (b) दक्कन शैली
(c) मुगल शैली (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या-**एलोरा की प्रसिद्ध गुफा 'कैलाश मंदिर' से उपलब्ध भित्ति-चित्रों ने तंजौर शैली को नई प्रेरणा दी।

**94. जैन धर्म की सबसे प्राचीन सचित्र पांडुलिपि का रचनाकाल क्या है?**

(a) 1060 ईस्वी (b) 1105 ईस्वी
(c) 1151 ईस्वी (d) 1020 ईस्वी

**उत्तर - (a)**

**व्याख्या-**जैन धर्म की सबसे प्राचीन सचित्र पाण्डुलिपि 'औधनिर्युक्ति वृत्ति' (ताड़पत्र) का रचनाकाल 1060 ई. है तथा दूसरी प्राचीनतम् चित्रित ग्रंथ निशीथचूर्णी (1100 ई.) की है। निशीथ चूर्णी जिनदास गणी द्वारा रचित है।

**95. राजस्थान की वह कौन-सी प्रसिद्ध चित्रशैली है, जो रंगों की सतरंगी आभा के प्रयोग के लिये प्रसिद्ध है?**

(a) बून्दी शैली (b) मारवाड़ शैली
(c) अंबर शैली (d) अलवर शैली

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या-**राजस्थान की बून्दी शैली एक प्रसिद्ध चित्रशैली है जो रंगों की सतरंगी आभा के प्रयोग के लिये प्रसिद्ध है।

**96. कलानुरागी राजा सावन्त सिंह ने किस राजस्थानी चित्रशैली को आश्रय प्रदान किया?**

(a) मेवाड़ (b) कांगड़ा
(c) किशनगढ़ (d) चम्बा

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या-**कलानुरागी राजा सावन्त सिंह ने राजस्थानी चित्रशैली किशनगढ़ को आश्रय प्रदान किया। बनी-ठनी इस शैली की प्रसिद्ध चित्रकृति है।
इस शैली का प्रसिद्ध चित्रकार मोराध्वज निहालचंद है। आनन्द कुमारस्वामी ने अपनी पुस्तक 'राजपूत पेन्टिग' में सर्वप्रथम राजस्थानी चित्रकला का वैज्ञानिक विभाजन प्रस्तुत किया।

**97. राजस्थानी चित्रकला को 'राजपूत कला' के अधीन किस कलाविद् ने रखा?**

(a) मुल्क राज आनंद (b) कार्ल खण्डालावाला
(c) ए. के. कुमारस्वामी (d) कृष्ण चैतन्य

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – आनंद कुमार स्वामी ने 1916 ई. में राजस्थानी कला को दो भागों राजपूत शैली और पहाड़ी शैली में बांटा तथा राजपूत शैली को राजस्थानी कला के अंतर्गत रखा।

**98. भारतीय चित्रकला में प्रसिद्ध कलाकार मौलाराम कौन-सी चित्रशैली से जुड़े हैं?**

(a) गढ़वाल (b) चम्बा
(c) कांगड़ा (d) गुलेर

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या**– भारतीय चित्रकला में प्रसिद्ध कलाकार मौलाराम गढ़वाल चित्रशैली से जुड़े हैं।
इसका प्रसिद्ध चित्र 'गोवर्धन धारण' है।

**99. वह कौन-सा भारतीय कलाकार है, जिसने प्राचीनता व नवीनता का मिश्रण कर आधुनिक कला को जन्म दिया?**

(a) आर. एन. टैगोर (b) जी. एन. टैगोर
(c) अमृता शेरगिल (d) ए. एन. टैगोर

**उत्तर - (d)**

**व्याख्या**– अजंता की रेखा तथा मुगल एवं राजपूत कला शैली का मिश्रण कर 'आधुनिक कला को नया रूप अवनीन्द्र नाथ टैगोर ने दिया था।

**100. चित्रकार अली रजा तथा उसका पुत्र हसन रज़ा किस शैली से है?**

(a) बीकानेर शैली (b) चम्बा शैली
(c) मुगल शैली (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – अलीरजा तथा उसका पुत्र हसन 'बीकानेर शैली' के प्रसिद्ध चित्रकार थे।

**101. निम्न में से कौन-सा सही मिलान नहीं है?**

(a) मंसूर – (पक्षी और पशु के चित्रण)
(b) रामदास – (गढ़वाल शैली के प्रणेता)
(c) मनोहर – (रामायण आधारित)
(d) कुशनलाल– (समुद्र के चित्रकार)

**उत्तर – (d)**

**व्याख्या-**कुशनलाल एक प्रसिद्ध पहाड़ी चित्रकार हैं। अन्य सभी विकल्प सुमेलित हैं।

**102. ए.एन. टैगोर की पुनर्जागरण काल में तकनीकी दृष्टिकोण से भारतीय चित्रकला को क्या देन है?**

(a) तैल चित्रण (b) मिश्रित रंग माध्यम
(c) वॉश-चित्रण (d) पैस्टल चित्रण

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – भारत में ''वाश-चित्रण' के जन्मदाता अवनीन्द्र नाथ ठाकुर, बंगाल शैली के प्रसिद्ध चित्रकार हैं।
अवनीन्द्र नाथ टैगोर के महत्वपूर्ण चित्र 'भिक्षा', 'उमर खय्याम की शृंखला', 'देवदासी', 'सूर्यपूजा' एवं 'कजरी' है।

**103. 'जैन चित्रकला' की आरंभिक मूर्तियाँ किस प्रसिद्ध गुफा में मिलती हैं?**

(a) एलोरा (b) सित्तनवासल
(c) बाघ (d) बादामी

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**– जैन चित्रकला की आरम्भिक मूर्तिया 'सित्तनवासल' गुफा से प्राप्त हुई है। तमिलनाडु में स्थित सित्तनवासल गुफा का निर्माण 7वीं शताब्दी में हुई थी।

**104. प्रागैतिहासिक चित्रों का धरातल क्या था?**

(a) शिला (b) कागज
(c) कपड़ा (d) कैनवस

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – प्रागैतिहासिक चित्रों का धरातल शिला (पत्थर) था तथा विषय मुख्यतः आखेट रहा।

**105. इनमें से कौन प्रसिद्ध कला समीक्षक था?**

(a) ए. रामचन्द्रन (b) जतिन दास
(c) केशव मलिक (d) सतीश गुजराल

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** – केशव मलिक प्रसिद्ध कला समीक्षक थे।

**106. 'शाहजहाँ और उसके बेटे' को किसने चित्रित किया?**

(a) गोवर्धन (b) अबुल हसन
(c) प्रयाग (d) मानकू

**उत्तर - (a)**

Adda247
GET IT ON Google Play

**व्याख्या-**'शाहजहाँ और उसके बेटे' का चित्र मुगल कालीन चित्रकार गोवर्धन ने चित्रित किया था।

**107.गगनेन्द्रनाथ टैगोर द्वारा ए क्यूबिस्ट सिटी को किस माध्यम से चित्रित किया गया था?**

(a) तैल रंग (b) जल रंग
(c) पैस्टल रंग (d) कोलाज

**उत्तर - (b)**

**व्याख्या-**गगनेन्द्रनाथ टैगोर द्वारा 'ए क्यूबिस्ट सिटी' को जल रंग से चित्रित किया गया था। गगनेन्द्रनाथ टैगोर का जन्म 1867 ई. में कोलकाता में हुआ इनके प्रसिद्ध चित्र 'रात्रि में शहर' है।

**108.वर्ष 1939 में निर्मित रामकिंकर की पहली अमूर्त मूर्ति का शीर्षक क्या था?**

(a) मिथुन (b) कच और देवयानी
(c) लैम्प स्टैन्ड (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर - (c)**

**व्याख्या-**रामकिंकर बैज की अमूर्त मूर्तिकला का सबसे पहला उदाहरण 'लैम्प स्टैंड' को माना जाता है यह 1939 ई. का पहला भारतीय कला का अमूर्त मूर्तिशिल्प है। अमूर्तन व अभिव्यंजनावादी शैली में सृजन करने वाले भी रामकिंकर प्रथम भारतीय मूर्तिकार थे। बैज की कला का प्रमुख विषय सामान्य जन, दैनिक जीवन के क्रियाकलाप तथा सामान्य परिवेश रहा।

**109.कला महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के रूप में ई.वी. हैवेल ने अपने विद्यार्थियों को किस शैली के लघुचित्रों की प्रतिलिपि बनाने के लिए प्रोत्साहित किया?**

(a) राजस्थानी (b) मुगल
(c) अपभ्रन्श (d) गढ़वाल

**उत्तर - (b)**

**व्याख्या-**कला महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के रूप में ई.वी. हैवेल ने अपने विद्यार्थियों को मुगल शैली के लघुचित्रों की प्रतिलिपि बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

**110.कम्पनी अथवा पटना शैली सबसे पहले किस नगर में पल्लवित हुई?**

(a) वाराणसी (b) मुर्शिदाबाद
(c) पटना (d) कलकत्ता

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या** – कम्पनी शैली या पटना शैली सर्वप्रथम पल्लवित हुई ''मुर्शिदाबाद'' (बंगाल) में पल्लवित हुई जबकि पटना शैली का पूर्ण विकास 'पटना' (बिहार) में हुआ।

**111.प्रसिद्ध चित्रकार रवीन्द्रनाथ टैगोर को नोबेल पुरस्कार किस वर्ष मिला था?**

(a) 1913 (b) 1935
(c) 1901 (d) 1947

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – भारत में सर्वप्रथम नोबेल पुरस्कार पाने वाले चित्रकार रवीन्द्रनाथ टैगोर है। रवीन्द्र नाथ टैगोर को नोबेल पुरस्कार 1913 ई. में 'गीतांजलि' पुस्तक के लिये दिया गया था।

**112.प्रसिद्ध मुगल चित्रकार मीर सैयद अली ने अधिकांश लघुचित्र किस मुगल सम्राट के संरक्षण में तैयार किए?**

(a) अकबर (b) जहाँगीर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – फारसी चित्रकार मीर सैय्यद अली ने सर्वाधिक चित्रण मुगलशासक अकबर के शासन काल में किया। मीर सैय्यद अली 'ग्रामीण दृश्य चित्रण के लिये प्रसिद्ध थे।
यह तबरेज का निवासी था।

**113.निम्न में से कौन-सा सही मिलान है?**

(a) निहाल चंद- किशनगढ़ शैली
(b) डोडिया-बूंदी शैली
(c) निसारदीन-गढ़वाल शैली
(d) साहबदीन - मेवाड़ शैली

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या-**उपर्युक्त विकल्पों में निसारदीन का सम्बन्ध गढ़वाल शैली से था।
निसारदीन 1605 ई. में रागमाला का चित्रण चावण्ड में किया था।

**114.अभिकथन (A):**

**गोवर्धन जहाँगीर के समय मुगल दरबार में कलाकार था।**

**कारण (R) :**

**उसने अकबरनामा के लिये काम नहीं किया।**

**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए।**

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं
(b) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं
(c) (A) सही है किन्तु (R) गलत हैं
(d) (A) गलत है किन्तु (R) सही हैं

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या**-गोवर्धन प्रसिद्ध चित्रकार भवानीदास का पुत्र था तथा जहाँगीर के समय मुगल दरबार में चित्रण करता था। इसने अकबरनामा के लिये काम नहीं किया। अतः अभिकथन और कारण दोनों सही है।

इस ग्रन्थ की रचना अबुल फजल ने की थी।

**115.'मास्टर ऑफ द माउन्टेन्स' के नाम से कौन विख्यात है?**

(a) असित कुमार हालदार (b) निकोलस रोरिक

(c) अवनि बाबू (d) राजा रवि वर्मा

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**- 9 अक्टूबर 1874 ई. में सेन्ट पीट्सबर्ग (रूस) में जन्मे प्रख्यात चित्रकार निकोलस रोरिक को 'मास्टर ऑफ द माउन्टेन्स' भी कहा जाता है। इनके पुत्र स्वेतस्लाव रोरिक भी एक प्रसिद्ध चित्रकार थे।

**116.सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I | सूची- II |
|---|---|
| (A) घनवादी | (1) वान गौग |
| (B) अभिव्यन्जवादी | (2) डाली |
| (C) अतियथार्थवादी | (3) पिकासो |
| (D) उत्तर-प्रभाववादी | (4) मुंश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**उत्तर – (b)**

**व्याख्या**–

| | | |
|---|---|---|
| घनवादी | – | पिकासो |
| अभिव्यन्जवादी | – | मुश |
| अतियथार्थवादी | – | डाली |
| उत्तर-प्रभाववादी | – | वान गौग |

**117.निम्न में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) लुब्र संग्रहालय-न्यूयार्क (b) मुजी द ऑर्से- पेरिस

(c) टेट मॉडर्न-लंदन (d) ब्रिटिश संग्रहालय-लंदन

**उत्तर – (a)**

**व्याख्या** – लुब्र संग्रहालय, पेरिस (फ्रांस) में स्थित है। लुब्र संग्रहालय विश्व का सबसे बड़ा संग्रहालय है।

**118.सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) घनवादी | (1) द पोटेटो ईटर्स |
| (B) अभिव्यन्जनावादी चित्र | (2) द परसिस्टेन्स ऑफ मेमोरी |
| (C) अतियथार्थवादी | (3) द सिंक चाइल्ड |
| (D) उत्तर-प्रभाववादी चित्र | (4) वीपिंग वुमन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**उत्तर – (c)**

**व्याख्या** –

| | |
|---|---|
| घनवादी | –वीपिंग वुमन |
| अभिव्यन्जनावादी चित्र | –द सिक चाइल्ड |
| अतियथार्थवादी | –द परसिस्टेन्स ऑफ मेमोरी |
| उत्तर-प्रभाववादी चित्र | –द पोटेटो ईटर्स |

**119.विश्व प्रसिद्ध देवभूमि 'पार्थीनॉन' किस देश में अवस्थित है?**

(a) मिस्र (b) इंग्लैंड

(c) इटली (d) यूनान

**उत्तर - (d)**

**व्याख्या**-पार्थीनान अथिनियान एक्रोपोलिस पर एक मंदिर है जो युवती के देवी येथेना को समर्पित है, यह एथेन्स यूनान में स्थित है, यह शास्त्रीय वास्तुकला शैली में निर्मित है।

**120.निम्न कलाकारों पर विचार कीजिए और उन्हें उनके जन्म-वर्ष के क्रमानुसार सजाइए:**

**1. एम. एफ. हुसैन**

**2. राजा रवि वर्मा**

**3. अमृता शेरगिल**

**4. जी. आर. संतोष**

**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर लिखिए :**

**कूट :**

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1, 2, 4 और 3

(c) 2, 1, 3 और 4 (d) 3, 2, 4 और 1

**उत्तर – (*)**

**व्याख्या**– कोई विकल्प सही नहीं है।

सही विकल्प होगा 2, 3, 1, 4

| कलाकार | जन्म वर्ष |
|---|---|
| राजा रवि वर्मा | 1848 ई. |
| अमृता शेरगिल | 1913 ई. |
| एम. एफ. हुसैन | 1915 ई. |
| जी. आर. संतोष | 1929 ई. |